टेक्समैको को 200 करोड़ का रेल लिंक प्रोजेक्ट

कोलकाता: एडवेंट्ज समूह की टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लि. ने भारत-बांग्लादेश के बीच रेल लाइन बिछाने का करीब 200 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया है। इसके तहत कंपनी त्रिपुरा के अगरतला से बांग्लादेश के चटगांव जिले के अखौरा तक करीब 45 किलोमीटर की दोहरी गेज की लाइन का निर्माण करेगी। प्रोजेक्ट को 18 महीने में पूरा करने का निर्णय लिया गया है। टेक्समैको के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप फुल्लर ने कहा कि यह प्रोजेक्ट हासिल करना हमारे लिए गौरव का विषय है, क्योंकि इसके जरिये कंपनी ट्रांस एशिया रेलवे नेटवर्क में योगदान देगी। इससे हमें अपनी विशेषज्ञता फिर से विदेशों तक साबित करने का अवसर मिला है। यह प्रोजेक्ट भारत के 4.5 बिलियन डॉलर की बांग्लादेश में बुनियादी ढांचा विकास योजना का हिस्सा है, जिससे बांग्लादेश पूर्व से पश्चिम तक जुड़ जाएगा और दोनों देशों के बीच व्यापार एवं लोगों का आना-जाना आसान कर देगा। इस प्रोजेक्ट से अगरतला से कोलकाता की दूरी में लगभग 1000 किलोमीटर की कमी आ जाएगी।